पं.क्र. 127/2001
अंक : 08

सुभाष ज्योति

वार्षिक पत्रिका 2020-21

नेताजी सुभाष महाविद्यालय

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से सम्बद्ध यू.जी.सी. 2(f) एवं 12 (b) के अंतर्गत
मान्यता प्राप्त व राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से "बी प्लस ग्रेड" प्राप्त

बेलभाठा, अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)
99261-62830, 94252-14038

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the
National Assessment and Accreditation Council
on the recommendation of the duly appointed
Peer Team is pleased to declare the

Netaji Subhas College

Belbhatha, Tal. Abhanpur, Dist. Raipur,
affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Chhattisgarh as

Accredited

with CGPA of 2.55 on seven point scale
at B+ grade
valid up to November 29, 2023

Date : November 30, 2018

Director

EC(SC)/34/A&A/CGCOGN100370

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

प्रमाण - पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालयों के लिए स्थापित गुणवत्ता मापदण्ड के अनुसार निर्मित निष्पादन अनुक्रमणिका में सत्र 2017-18 के लिए नेताजी सुभाष महाविद्यालय, बेलमाठा, अमनपुर ने पूर्णांक 1.0 में से 0.85 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर नेताजी सुभाष महाविद्यालय, बेलमाठा, अमनपुर को यह प्रमाण-पत्र एव श्री बी.एल. पाण्डेय चल वैजयंती (रनिंग ट्राफी) एक वर्ष 01 मई 2019 से 30 अप्रैल 2020 तक के लिए प्रदान करते हुए उनके उत्तरोत्तर उन्नति की कामना करता है।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 01 मई 2019

कुलसचिव

सुभाष ज्योति

महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका

सत्र 20-21

संरक्षक

डॉ. भूपेन्द्र मिश्रा

अध्यक्ष, शासी निकाय

प्राचार्य

डॉ. व्ही. के. मिश्रा

मुख्य सम्पादक

डॉ. राकेश कुमार तिवारी

विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग

कार्यकारणी सम्पादक मंडल

डॉ. आशीष दीवान, डॉ.श्रीमति रश्मि मिश्रा, डॉ. विनय कुमार यादव, डॉ. नरेश साहू, डॉ. श्रीमति त्रिवेणी साहू, प्रो. _चा शर्मा, प्रो. सागर दरोकर, प्रो. लखेश्वर साहू, प्रो. विरेन्द्र जांगडे, प्रो. प्रकाश चन्द्र साहू एवं श्री टोजेन्ट वर्मा.

टाईपिंग

श्री ओमप्रकाश साहू, श्री विजय कुमार साहू

सहयोग

बी.पी.एड एवं बी. एड प्रशिक्षार्थीगण

नेताजी सुभाष महाविद्यालय ग्राम–बेलभाठा, अभनपुर जिला–रायपुर(छ.ग.)

श्रद्धेय नमन

स्वः निर्मलादेवी स्मृति शिक्षण समिति द्वारा संचालित नेताजी सुभाष महाविद्यालय की आधारशिला रखते परम पूज्य श्रद्धेयजनों का आशीर्वाद एवं उनकी पुण्य स्मृति में उनके परिवारजनों के तन-मन-धन से प्राप्त सहयोग जिसके फलस्वरूप ही महविद्यालय का सफलतापूर्व संचालन हो पा रहा है, उन श्रद्धेय जनों को महाविद्यालय परिवार शत्-शत् नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

परम श्रद्धेय स्मृतिशेष श्रीमति निर्मला देवी मिश्रा
पति स्वः डॉ. नवल किशोर जी मिश्रा(कुसुमकसा)
सोनपुर वाले, ग्राम-सोनपुर, तह. पाटन,
जिला दुर्ग(छ.ग.)

परम श्रद्धेय स्मृतिशेष डॉ. नवल किशोर जी
मिश्रा(कुसुमकसा) सोनपुर वाले,
ग्राम-सोनपुर, तह. पाटन, जिला दुर्ग(छ.ग.)

परम श्रद्धदेय स्मृतिशेष श्री बंशीलाल जी मिश्रा
पिता स्वः श्री गंगा प्रसाद जी मिश्रा राजिम,
परेवा वाले, ग्राम परेवाडीह, तह-कुरूद जिला- धमतरी (छ.ग.)

उपरोक्त श्रद्धेयजनों की पुण्य स्मृति में परिजनों द्वारा प्राप्त वित्तीय अंशदान से महाविद्यालय सामाजिक हित में समाज में शिक्षा के विकास हेतु संचालित है।

अध्यक्ष की कालम से .....

रायपुर जिले मुख्यालय् से ३० कि.मी. दूर अभनपुर परिक्षेत्र में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालन के साथ स्थापित नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा, ग्रामीण अंचल में निवासरत् प्रत्येंक वर्ग के विद्यार्थियों की व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने में सफल रहा है।

महाविद्यालय वर्ष २००६ से ही गुणवता पूर्ण शिक्षा स्वयं के स्वामित्व की भूमि पर निर्मित पूर्ण रूप से तकनीकी व आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित संसाधन विद्यार्थियों हेतु एक सुरक्षित वातावरण में प्रदाय करता आ रहा है।

वर्तमान कोविड १६ महामारी के समय में भी शिक्षकों के द्वारा ऑनलाईन क्लासेस के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से जारी रखा गया है। लॉक डॉउन के समय में विभिन्न संकायों द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर गेस्ट लेक्चर और वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय के द्वारा किया गया ताकि शिक्षक एवं विद्यार्थी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को प्राप्त कर सके और उनका लाभ उठा सके।

अततः महाविद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से विश्वास दिलाता हूँ कि आपके पाल्य/पाल्या महाविद्यालय के अनुशासित व सुरक्षित वातावरण में स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होकर आपका व महाविद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका एक मार्गदर्शक व प्रेरक का कार्य करेगी संस्था की प्रगति की कामना करते हुए पत्रिका के सम्पादक मंडल एवं सभी विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

डॉ. भूपेन्द्र मिश्रा

अध्यक्ष, शासी निकाय
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर

सम्पादकीय.....

ज्ञान की कोई सीमा नही हाती है। सीखने की प्रक्रिया जीवनपर्यन्त चलते रहती है। छात्र प्रतिदिन अपने विभिन्न क्रियाकलापों से अनेक बाते सीखतें है। शिक्षा का उद्देश्य सीखने की प्रक्रिया में क्रमबद्धता लाना है जिससे छात्र के सीखने की प्रक्रिया निश्चित दिशा की ओर जा सके। विभिन्न शैक्षणिक एवं पाठ्यसहगामी क्रियाओं के मध्य संतुलन स्थापित करना भी शिक्षा का उद्देश्य है। शिक्षा का उद्देश्य स्वास्थ्य, बौद्धिक शक्ति, सौन्दर्यात्मक अभिव्यक्ति एवं मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों में नैतिक शक्तियों का विकास संबंधित क्षमताओं का विकास करना भी है।

विद्यार्थियों में सृजनात्मक चिंतन का विकास किया जाना चाहिए। व्यक्ति का अस्तित्व केवल किसी भी प्रकार से जीवन यापन करना नहीं है बल्कि जीवन के उद्देश्यो की पहचानना एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन व्यतीत करना है। इसके लिए शिक्षा की आवश्यकता होती है। सद्गुणों से युक्त व्यक्ति ही अपना तथा समाज का कल्याण कर सकता है। शिक्षा के द्वारा सद्गुणों का विकास किया जाना चाहिए।

प्रस्तुत महाविद्यालयीन पत्रिका **"सुभाष ज्योति"** का यह ०८ विशेषांक है जिसे संपादक मंडल के सभी सदस्यों तथा विद्यार्थियों के सहयोग से आप तक पहूँचाने का प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ **सुभाष ज्योति** 2021 का यह अंक सादर प्रस्तुत किया जा रहा है।

डॉ. राकेश कुमार तिवारी

विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग

कल है परीक्षा और हम बेखौफ बैठे है।

था एक जमाना किताबों से पढ़ने का ।

अब तो हाथ में मोबाईल लिए बैठे

घर बैठे बच्चे युवा विद्यार्थी शिक्षक सब कैसे लाचारी मैं।

अब तो परीक्षा का रूप ही बदल दिया कोरोना जैसे महामारी ने।।

स्कूल कालेज बंद हो गई, अब तो घर बैठे परीक्षा का प्रमाण कोई,।

सबका पास परिणाम आया न फेल किसी की आनी है।।

ज्ञानप्रकाश साहू
बी.पी.एड तृतीय सेमे.

मिलकर कोरोना का हराना है।
मिलकर कोरोना को हराना है।।
घर से हमें कहीं नहीं जाना है।
हाथ किसी से नहीं मिलाना है।।
चेहरे को हाथ नहीं लगाना है।
मिलकर कोरोना को हराना है।।
बार-बार अच्छे से हाथ धोने जाना है।
सेनेटाइज करके देश को स्वच्छ बनाना है।।
बचाव ही इलाज है यह समझाना है।
मिलकर कोरोना को हराना है।।
कोरोना से हमकों नहीं घबराना है।
सावधानी रख कर कोरोना को मिटाना है।।
मास्क, सेनेटाइजर व दूरी बनाकर रहना है।
देशहित में सभी को यह कदम उठाना है।।
मिलकर कोरोना को हराना है।
मिलकर कोरोना को हराना है।।

ओमप्रकाश साहू
सहायक ग्रंथपाल

कोरोना से बचाव

रात ११ बजे कोरोना से मुलाकात हो गई,
चलते चलते ६ फीट दूर से बात हो गयी।
मैने कहा कोरोना बड़ा ऊधम मचाए हों,
चुनावी रैली छोड़कर क्यों स्कूलों और कालेजों में आये हो।
क्या तुमकों भी लगता है डर सरकारी आयोजनों से,
या लाए गए हो तुम भी किन्हीं प्रयोजनों से ।
अब मैं तुमसे तुम्हारा इलाज चाहता हूँ,
कल या परसों नही अभी और आज चाहता हूँ।
ये सुनकर कोरोना रूआंसा होकर बोला,
कवि महोदय तुम सब की पीड़ा गाते हो।
मैं भी तो पीड़ित हूँ क्यों ना मेंरी व्यथा सुनाते हो।।
मै तो पहले आया था लेकिन अब बुलाया है,
सत्ता के सरदारों ने मुझको हथियार बनाया है।

उनकी मर्जी से ही अब मै अंदर बाहर जाता हूँ,
फिर भी जाते जाते तुम्हें मै अपना इलाज बताता हूँ,
जहॉ जहॉ हिन्दुस्तान में चुनाव कराया जाएगा।
वहॉ कोरोना का एक भी मरीज नही पाया जाएगा।
देश की भोली जनता में समझ का अभाव है,
सुनों कविवर मेरा इलाज सिर्फ और सिर्फ चुनाव है।

रानी उपाध्याय
बी.पी.एड प्रथम सेमे.

वीर सैनिक

सरहद पर खड़े रखवालों को, इस देश के पहरेदारों को।
दिल से मेरा सलाम है, दिल से मेरा सलाम है।।
ये देश चैन से सोता है, वो पहरे पर जब होता है।
जो ऑख उठाता है दुश्मन, तो अपनी जान वो खोता है।।
उनकी वजह से आज सुरक्षित, ये सारी अवाम है।
दल से मेरा सलाम है, दिल से मेरा सलाम है।।
काम नहीं आसान है ये, दिल पत्थर करना पड़ता है।
देश या फिर घरबार में से, किसी एक को चुनना पड़ता है।।
तब जाकर मिलता है कहीं, इस देश का अराम है।
दल से मेरा सलाम है, दिल से मेरा सलाम है।।
अगला जन्म में जब भी पाऊं, इसी धरा का मैं हो जाऊं।
दिल में भारत माता हो, गीत उसी के सदा मैं गाऊं।।
हर सैनिक के दिल में, सदा रहता यही अरमान है।
दल से मेरा सलाम है, दिल से मेरा सलाम है।।

प्रवीण साहू
बी.एड तृतीय सेमे.

झांक रहे हम सबके ऑगन, अपने ऑगन झांके कौन।
ढूँढ़ रहे दुनियॉ में खामी, अपने मन में झॉके कौन।।
सबके भीतर चोर छुपा है, उसको अब ललकारे कौन।
दुनियॉ सुधरे सब चिल्लाते, खुद को आज सुधारे कौन।।
पर उपदेश कुशल बहुतेरे, खुद पर आज बिचारे कौन।
हम सुधरें तो जग सुधरेगा, इस मुद्दे पर सब है कौन।।

रंजना साहू
सहा.प्रध्यापक शिक्षा विभाग

ठोकर खा कर गिर ना फिर, खुद को खुद ही संभालना।
फिर दोबारा से चलना ही संघर्ष है, यही जीवन का सत्य है।।
हमें खुद पर गर्व होना चाहिए कि, जीवन के सफर में ।
हम इतनी दूर तक आ गए, और हमें खुद पर भरोसा होना चाहिए
कि हम और दूर तक जा सकते है।।

ज्योति सिन्हा
बी.एड तृतीय सेमे.

एक क्रांतिकारी

भारत में एक क्रांतिकारी आया था,
अंग्रेजों को उसने बहुत सताया था।
आज़ाद हिन्द फोज बनाकर उसने,
सबके दिलों में विश्वास दिलाया।।

आजादी का हौसला पूरे देश में जगाया था,
"जय हिन्द" और "चलो दिल्ली " का नारा उसी ने लगाया था।
लोगो को हकीकत से रूबरू कराया था,
जब खून मांगकर आजादी देने का वादा सबसे करवाया था।
इस क्रांतिकारी ने विश्व में बहुत नाम कमाया था,
इसलिए यह इतिहास में सबसे ऊपर आया था।
इस क्रांतिकारी ने अंग्रेजों को लाचार बनाया था,
और भारत देश में "नेताजी" का गौरव पाया।
यह महान पुरूष "नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कहलाया" था।
इस महान पुरूष ने अपना जीवन गवाया था,
जब विमान दुर्घटना का समाचार सामने आया था।
लेकिन इस रहस्यमयी समाचार को कोई समझ न पाया था, क्योकि नेताजी को उसके बाद भी कई लोगो ने जगह-जगह पर पाया था। इस दुखद समाचार को सुनकर पूरा भारत जय हिन्द जय हिन्द चिल्लया था। आजादी में नेताजी का योगदान बहुत काम आया था। तभी तो हिन्दुस्तान आज़ादी का स्वाद चख पाया था।
नेताजी ने अपना वर्चस्व देश में ऐसा फैलाया था कि आज़ादी के बाद भारतीय सेनाओं ने जय-हिन्द का नारा अपनाया था।

पूर्णिमा यादव
बी.एड तृतीय सेमे.

पहले सी अब दिखती नहीं है, रौनकें बाजार की।
हर ओर सन्नाटा यहॉं, हर रोज बढ़ते फासले।।
हर रोज मौतें बढ़ रही, हर ओर दुख के काफिले।
कैसी महामारी चली, धुन थम गयी संसार की।।
वे वक्त के मजदूर है, पर वक्त से मजबूर है।
ताले लगे रास्ते रूके, जाएं कहां वे दूर हैं।।
सुनता कहां मालिक भला, चीखे चहां लाचार की।
है पीठ पर गठरी लदी, औ कांध पर बच्चे लदे जाना है।
मीलों दूर तक पर प्राण फंदों में फॅंदे, है जान सांसत में पड़ी।।
खुद ही यहां सरकार की, कैसा भयंकर वायरस।
जीवन हुआ इससे विरस, हर शख़्स संक्रामक हुआ।।
वर्जित हुआ उसका परस, बस मास्क में महफूज है।
सांसे सकल संसार की, संदिग्ध है हर छींक तक।
संगीन है वातावरण, अस्पृश्यता ने हर लिया।।
है सभ्यता का आवरण, चूले एकाएक हिल उठी।
अस्तित्व के दीवार की, है चीन से फैला जहर।
ईरान पर बरपा कहर, इटली बना शमशान है।।
बज उठा यू. एस में बजर, संभावनाएं क्षीण है।
इस व्याधि के उपचार की, ठप हुए उत्पादन सभी।।
चुक रहे संसाधन सभी, शेयर सभी लुढ़के पड़े।
बेअसर आवाहन सभी, पहले सी अब दिखती नहीं है।।

ईश्वरी घृतलहरे
बी.एड तृतीय सेमे.

शिक्षा

वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।
शिक्षा अगर न होती तो, कैसे मिलते अनमोल मोती।।
वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।
शिक्षा ही तो है ऐसी खान, तभी तो करते है गुणों का बखान्।।
वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।
शिक्षा हम सबकी है शान, सच कहो आज यहीं है भगवान।।
वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।
कठिन संघर्ष में भी इंसान, बनते बनते बज जाते महान।।
वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।
शिक्षा तो मेहनत में रंग लाएगा, वो दिन आएगा जब तू सफल हो जाएगा।
वो देश की नई पीढ़ी, शिक्षा तो है आगे बढ़ने की सीढ़ी।।

प्रीति चौहान
बी.एड. तृतीय सेमे.

सफलता के रास्ते पर चलते, तनिक भी मिलने वाली हार
से लोग फिर कोशिश करना, छोड़ देते है सफलता के रास्ते
में यही उनकी सबसे बड़ी, बाधा बनती है।

वर्षा रानी
बी.एड. तृतीय सेमे.

माँ

बाजुओं में खींच के आ जायेगी जैसे कायनात।
अपने बच्चे के लिए ऐसे बाहें फैलाती है माँ।।
ज़िदगी के सफ़र मे गर्दिशों में धुप में।
जब कोई साया नहीं मिलता तब बहुत याद आती है माँ।
प्यार कहते है किसे, और ममता क्या चीज़ है।
कोई उन बच्चों से पूछे जिनकी मर जाती है माँ।
सफा-ए-हस्ती पे लिखती है, असूल-ए-ज़िन्दगी।।
इसलिए तो मक़सद-ए-इस्लाम कहलाती है माँ।
जब ज़िगर परदेस जाता है ए नूर-ए-नज़र कुरान।
लेकर सर पे आ जाती है माँ।
लेके ज़मानत में रज़ा-ए-पाक की, पीछे पीछे सर झुकाए दुर तक जाती है माँ।
कॉपती आवाज में कहती है बेटा अलविदा, सामने जब तक रहे हाथों को लहराती है माँ। जब परेशानी में फॅस जाते है हम परदेश में, आंसुओं को पोछने ख्वाबों में आ जाती है माँ मरते दम तक आ सका न बच्चा घर परदेश से अपनी सारी दुआएं चौखट पे छोड़ जाती है माँ रूप बेटी का बदल के घर में आ जाती है माँ।

किरण साहू
बी.एड. तृतीय सेमे.

कोरोना से जंग

मत घबराओं मेरे दोस्तों, ये दिन भी बीत जायेगें।
साथ हो आपका तो कोरोना से जंग भी जीत जोयेगें।।
लिख रही कुछ शब्द, इसे मेरी गुजारिश समझना।
भारतवासी हूँ नाम निशा मुझे अपना दोस्त समझना।
फिर से वही सुबह होगी, फिर रहेगी चहल-पहल।।
सब दुकाने खुलेगी, होगा गाड़ियों का कोलाहाल।
कुछ दिन घर पर रहेगें, तो कल न हम पछताएगें।
साथ हो आपका तो कोरोना से जंग भी जीत जोयेगें।।

उम्मीद जिंदा रखों, उम्मीद पर दुनिया कायम है।
सुबह निकालने वाला सूरज शाम को होता है मध्दम।।
डॉक्टर, नर्स, कर्मचारी खातिर हमारे दिन-रात डटे है।
हमारे देश की पुलिस भी कोरोना भगाने हेतु अडे है।।
मोदी जी ने घर पर रहिये बोल यह कदम उठाया है।
अब बारी हमारी है मोदी जी ने अपना फर्ज निभाया है।।
ये ऐसी लड़ाई जिसे हम घर पर रहकर लडेगें।
साथ हो आपका तो कोरोना से जंग भी जीत जोयेगें।
मत घबराओं मेरे दोस्तों, ये दिन भी बीत जायेगें।।

निशा शर्मा
बी.एड प्रथम सेमे.

लक्ष्य की प्राप्ति

एक लड़के ने एक बार एक बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनो तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और बहुत सारा पैसा कमा लिया। इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बनने क निश्चय और अगले हि दिन से धन कमाने को छोड़ कर पढ़ने-लिखने में लग गया। वह अभी अक्षर ज्ञान बस हि सिख पाया था कि, इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत से अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसलिए उसी दिन से उसने पढ़ाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया।
इसी तरह काफी उम्र बित गई, न वह धनी हो सका, न विद्वान और न ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई उसने महात्मा को अपने दुःख का कारण बताया महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहॉ भी जाओगें कोई न कोई आकर्षण जरूर दिखाई देगा। एक निश्चय कर लो और फिर जीते उसी पर अमल करते रहो तो तुम्हें सफलता की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी, नही तो दुनिया के झमेलों मे यू ही चक्कर खाते रहोगें। बार बार रूचि बदलते रहने से कोई भी उन्नति नही कर पाओगे।
युवक महात्मा की बात को समझ गया और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा।
उपर्युक्त प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हम जिस भी कार्य को करे, पुरे तन और मन से एकाग्राचित होकर करे, बार-बार इधन-उधर भटकने से बेहतर यही है कि एक जगह टिककर मेहनत की जाए, तभी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

हेमा बंजारे
बी.एड तृतीय सेमे.

गलती का पश्चाताप

अध्यापक द्वारा कक्षा में गणित की परीक्षा ली गई। परीक्षा लेने से पहले उन्होने सभी विद्यार्थियों से कहा, जो विद्यार्थी सबसे अधिक अंक प्राप्त करेगा उसे पुरस्कार दिया जायेगा। परीक्षा में केवल एक ही प्रश्न दिया गया। सभी विद्यार्थी उस प्रश्न को हल करने और पुरस्कार प्राप्त करने में जुट गये।
लेकिन प्रश्न अत्यंत कठिन था सरलता से हल नहीं किया जा सकता था। सभी विद्यार्थी जी जान से जूटे हुए थे। बहुत समय तक कोई भी विद्याार्थी उस प्रश्न को हल नही कर सका। अंत में एक बालक प्रश्न हल करके अध्यापक के सामने पहुॅचा। अध्यापक महोदय ने प्रश्न और उसका हल देखा और पाया कि हल सही है। उन्होने इन्तजार किया कि शायद अन्य कोई विद्यार्थी भी सही हल निकाल कर ले आए, किन्तु देर तक कोई भी विद्यार्थी सही हल नही निकाल सका। समय पूरा हो चूका था।

अध्यापक महोदय न सही हल निकालकर लाने वाले को पुरस्कार दिया। पुरस्कार-प्राप्त विद्यार्थी नाचते गाते खुशी से झूमते अपने घर पहुॅचा। दूसरे सभी विद्यार्थी हैरान थे कि यह लड़का सही हल कैसे निकाल सका, क्योकि पढ़ने-लिखने में वह बालक मंदबुद्धि था।

अगले दिन अध्यापक महोदय ज्यों ही कक्षा में आए,त्यों ही पुरस्कार-प्राप्त विद्यार्थी लपक कर उनके चरणों से लिपट गया और फूट-फूट कर रोने लगा। सभी विद्यार्थी और अध्यापक हैरान थे कि इसे क्या हो गया है।

अध्यापक ने उससे पूछा, क्या बात है तुम रोते क्यों हो ? तुम्हें तो खुश होना चाहिए कि पुरस्कार प्राप्त करके तुमने अच्छा विद्यार्थी होने का प्रमाण दिया है। वह बालक रोते हुए बोला आप यह पुरस्कार वापस ले लिजिए श्री मान। पर क्या? अध्यापक ने पूछा इसलिए कि मै इस पुरस्कार का अधिकारी नहीं हूॅ। मैने पुस्तक में से देखकर चोरी करके प्रश्न सही हल निकाला था। मैने अपनी योग्यता से सही हल नही निकाला था। आप यह पुरस्कार वापस ले लीजिए और मेरी भूल के लिए मुझे क्षमक र दीजिए। भविष्य में मैं ऐसी गलती कभी दोबारा नहीं करूॅगा, बालक ने कहा।

अध्यापक ने उसे वापस बुलाकर कहॉ सही हल तुम्हें नहीं आया, लेकिन धोखा देना भी तुम्हें नहीं आता। धोखा देना और चोरी करना तुम्हारा स्वभाव नहीं है, इसलिए कल घर जाने के बाद तुम्हारा मन दुखी रहा और तुमने सही बात कह डाली। तुमने सही हल नही निकाला मुझे इसका दुःख नहीं है, पर तुमने सही बात कह डाली, उसकी मुझे बहुत खुशी है। गलती मान लेने वाले बालक बड़े होकर बड़ा नाम और काम करते है। आगे चलकर यह बालक न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण गोखले के नाम से जाना गया।

पायल
बी.एड तृतीय सेमे.

दृढ़ निश्चय

एक बार एक संत महाराज किसी काम से एक कस्बे मे पहुंचे। रात्रि में रूकने के लिए वे कस्बे के एक मंदिर में गए। लेकिन वहा उनसे कहा गया ि कवे इस कस्बे का कोई ऐसा व्यक्ति ले आए, जो उनको जानता हों। तब उन्हें रूकने दिया जाएगा। अनजान कस्बे में उन्हे कौन जानता था? दूसरे मंदिर और धर्मशालाओं में भी वहीं समस्या आयी। अब संत महाराज परेशान हो गए रात काफी हो गयी थी और वे सड़क किनारे खड़े थे। तभी एक व्यक्ति उनके पास आया उसने कहा मै आपकी समस्या से परिचित हूॅ। लेकिन मै आपकी गवाही नहीं दे सकता। क्योंकि मै इस कस्बे का नामी चोर हूॅ अगर आप चाहे तो मेंरे घर पर रूक सकते है। आपको कोई परेशानी नहीं होगी।

संत महाराज बड़े असमंजस में पड़ गए एक चोर के यहॉ रूकेगें। कोई जानेगा तो क्या सोचेगा? लेकिन कोई और चारा भी नहीं था। मजबूरी में वो यह सोचकर उसके यहां रूकने को तैयार हो गए कि कल कोई दूसरा इंतजाब कर लूंगा। चोर उनको घर में छोड़कर अपने काम यानी चोरी के लिए निकल गए। सुबह वापस लौटकर आया तो बड़ा प्रसन्न था उसनें स्वामी जी को बताया कि आज कोई दांव नहीं लग सका। लकिन अगले दिन जरूर लगेगा।

चोर होन के बावजूद उसका व्यवहार बहुत अच्छा था जिसके कारण संत महाराज उसके यहॉ एक महीने तक रूकें। वह प्रत्येक रात को चोरी करने जाता। लेकिन पूरे माह उसका दांव नहीं लगा। फिर भी वह प्रसन्न था उसे दृढ़ विश्वास था कि आज नही तो कल मेंरा दांव जरूर लगेगा पूरे एक माह बाद उसे एक बड़ा मौका हाथ लगा। ?

महात्मा जी ने सोचा यह चोर कितना दृढ़ निश्चयी है। इसे अपने ऊपर अटूट विश्वास है। जबकि हम लोग थोड़ी सी असफलता से विचलित हो जाते है। अगर इसकी तरह दृढ़ निश्चय और विश्वास हो तो सफलता निश्चित मिलेगी।

सीख– यह प्रेरक प्रसंग हमें सिखाता है कि हमें असफलताओं से विचलित और निराश नहीं होना चाहिए। दृढ़ निश्चय और निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है।

माया सिंह राजपूत
बी.एड प्रथम सेमे.

जिन्दगी और मौत

जिन्दा थे तो किसी ने पास बिठाया हि नहीं।
अब मेंरे चारो ओर बैठ जा रहें है।
जिन्दा थे तो किसी ने हाल नही पूछा।
अब मेंरे लिए ऑसू बहाये जा रहें है।।
एक रूमाल भी भेंट नहीं किया जब हम जिन्दा थे।
अब चादर और कपड़ा चढ़ाये जा रहें है।।
सबको पता है ये चादर और कपड़ा मेंरे काम का नहीं है।
मगर फिर भी बिचारे दुनिया दारी निभाये जा रहे है।।
कभी किसी ने एक वक्त का खाना ना खिला सका।
अब देशी घी मेंरे मुहॅ में डाले जा रहें है।।
जिन्दगी में एक कदम भी साथ न चल सका कोई।
अब फूलों से सजाकर कंधो पर उठाये जा रहें है।।
आज पता चला कि जिंदगी से मौत बेहतर है।
हम तो बेवजह कि जिन्दगी की चाहते किये जा रहे थे।

रविना टंडन
बी.एड प्रथम सेमे.

कविता

इतिहास का मै आइना हूॅ, तहजीब का रंग सुनहरा हूॅ।
गंगा जमूना मेंरी ऑखे है, मै नए भारत का चेहरा हूॅ।।
मै कल भी था मै आज भी हूॅ, मै नव युग का अंदाज भी हूॅ।
सारे दुनिया का घर मुझमें है, इस मिट्टी का अदा मुझमें है।।
मै देश भक्त भी गहरा हूॅ, मै नयें भारत का चेहरा हूॅ।
मै बेटी की मुस्कान में हूॅ, मै नारी के सम्मान में हूॅ ।
मै बेटी की मुस्कान में हूॅ, मै नारी के सम्मान में हूॅ।।
विज्ञान में और किसान में हूॅ, मै सीमाओं का पहरा हूॅ।
मै नए भारत का चेहरा हूॅ, मै नए भारत का चेहरा हूॅ।।
अब चॉद पे पार जाना है, सुरज से ऑख मिलाना है।
एक नया सवेरा लाना है, संकल्प नया दोहराना है।।
न ठहरा था न ठहरा हूॅ, न ठहरा था न ठहरा हूॅ।
मै नए भारत का चेहरा हूॅ, मै नए भारत का चेहरा हूॅ

तुलेश्वरी तारक
बी.एड प्रथम सेमे.

कहानी

एक बार एक केकड़ा समुद्र किनारे अपनी मस्ती में चला जा रहा था और बीच बीच में रूक रूक कर अपने पैरो के निशान देख कर खुश होता। आगे बढ़ता पैरों के निशान देखता उससे बनी डिज़ाइन देखकर और खुश होता इतने में एक लहर आयी और उसके पैरो के सब निशान मिट गये।

इस पर केकड़े को बड़ा गुस्सा आया, उसने लहर से बोला ए लहर मै तो तुझे अपना मित्र मानता था, पर ये तूने क्या किया मेरे बनाये सुन्दर पैरो के निशान को ही मिटा दिया कैसी दोस्त हो तुम? तब लहर बोली वो देखो पीछे से मछुआरे लोग पैरो के निशान देख कर ही तो केकड़ो को पकड़ रहे है। हे मित्र तुमको वे पकड़ न ले, बस इसीलिए मैने निशान मिटा दिए। सच यही है कई बार हम सामने वाले की

बातो को समझ नहीं पाते और अपनी सोच अनुसार उसे गलत समझ लेते है जबकि हर सिक्के के दो पहलू होते है। अतः मन वें वैर लाने से बेहतर है कि हम सोच समझ कर निष्कर्ष निकाले।

सपना डेहरीया
बी.एड प्रथम सेमे.

माँ

प्यारी जग से न्यारी माँ, खुशियॉ देती सारी माँ।
चलना हमें सिखाती माँ, मंजिल हमें दिखती माँ।।
सबसे मीठा बोल है माँ, दुनिया में अनमोंल है माँ।
खाना हमें खिलाती है माँ, लोरी गाकर सुलाती है माँ।
प्यारी जग से न्यारी माँ, खुशियॉ देती सारी माँ।।

मै बोझ नहीं हूँ

शाम हो गई अभी, तो घुमने चलो न पापा।
चलते-चलते थक गई, कंधे पे बिठा लो न पापा।।
अँधेरा से डर लगता, सीने से लगा लो न पापा।
मम्मी तो सो गई, आप ही थपकी देकर सुलाओं न पापा।।
स्कूल तो पूरी हो गई, अब कॉलेज जाने दो न पापा।
पाल पोस कर बड़ा किया, अब जुदा तो मत करों न पापा।।
अब डोली में बिठा ही दिया तो, आँसू तो मत बहाओं न पाना।
आपकी मुस्कुराहट अच्छी है, एक बार मुस्कुराओं न पापा।।
आप ने मेंरी हर बात मानी, एक बात और मान जाओं न पापा।
इस धरती पर बोझ नही मै, दुनिया को समझाओं ना पापा

भीमेश्वरी साहू
बी.एड प्रथम सेमें.

जनता कर्फ्यू

पंछी आज अचंभित है, जाने क्यूं आज सब भयभीत है।
क्यू आज इन सुनसान राहों पर, वाहनों की शोरगुल है।।
कम क्यू आज नही दिख रही कोई आँखे नम।
क्या यह आकस्मिक शांत जग किसी बड़ी अनहोनी का संकेत है।।
या फिर आज पहली बार हर कोई एक दूसरे के खातिर सचेत है।
रोजमर्रा की भाग दौड़ से क्या इंसान आज सचमुच थक गया है।।
या फिर मृत्यु के भय से आज वह सचमुच सहम गया है।
आज इंसान के घर क्यूं भरे-पूरे लग रहें है।
बड़े बुजुर्ग, बच्चे सब संग-संग खेल रहे है।।
क्यों आज आकाश साफ है और पंछीयों की चहचाहट साफ सुनाई पड़ रही है।
क्यो सच्ची इंसानियत आज इंसानों के चेहरे पर दिखाई पड़ रही है।।
क्यूं आज संजदे में उठ रहे है, इंसानो की बाहें।
शायद ईश्वर उन्हें दिखा रहा है सच्ची-सीधी राहें।।
क्या सचमुच आज इनके कंधो से,अनावश्यक जिम्मेदारियों का बोझ उतर गया है।
या प्रकृति से मनचाहा खेलवाड़ करने से, आज मानव का मूँह गिर गया है।।
आज ऐसा लगता है मानो, जीवन थम सा गया है।
मानव मानों आज इस भॉन्ति में रम सा गया है।।
दिन के उजियारो में भी क्यों ऐसा लग रहा है।
मानो आज सुबह हुई ही नहीं किसी मंदिर में पूजा, मंस्जिद में नमाज।
गिरजा में प्रार्थना या गुरूद्वारे में मानो माथा टिका ही नही।।

क्यों संध्या बेला में अचानक ये शंखनाद व तालियों की गूंज से।
सारा माहौल भर गया है, मानव शायद आज पहली बार तहे दिल से,
सच्ची मानवता के प्रति शुक्रिया अदा कर रहा है।।

अघन कुमार
बी.एड प्रथम सेमे.

गुरू की महिमा

तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर, नमन सौ बार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर, नमन सौ बार है गुरूवर।।
कृपा की एक किरण दे दो, दुःखी संसार है गुरूवर, दुःखी संसार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर, नमन सौ बार है गुरूवर।।
कृपा से आपकी नद भी सुपावन नीर बन जाता।
कृपा पाकर मरूस्थल भी गंगा तीन बन जाता।।
मनुजता पर तुम्हारा तो बहुत आभार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर।।
तुम्हें छू लौह कण भी हो गये अनमोल कंचन से।
निरर्थक वृक्ष भी सुरभित हुए हर ओर चन्दन से।।
सहज सानिध्य से सबका किया उपकार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर।।
तुम्हीं ने सूत्र सिखलाया, विचारो को बदलने का।
तिमिर में आचरण बल से दिये की भांति जलने का।।
प्रखरता की मिली तुमसे हमें पतवार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर।।
समर्पित ज्यों शिवाजी का, गुरू के वास्ते प्रण था।
विवेकानंद का गुरू के, लिए जैसा समर्पण था।।
हमारे कर्म चिंतन पर वही अधिकार हैं गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर।।
तुम्हारी ज्ञानगंगा की सुधा सबको पिलाएगें।
हृदय निष्प्राण है जिनके सरस उनको बनायेंगें।।
बने जीवन्त वे जिनको, सृजन स्वीकार है गुरूवर।
तुम्हारे पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर।।
कृपा की एक किरण दे दो, दुःखी संसार है गुरूवर।
पद चरणों में नमन सौ बार है गुरूवर, सौ बार है गुरूवर।।

कमल नाथ
बी.एड प्रथम सेमे.

बेटिया

भक्ति पूजा आराधना, न जाने किन-किन तरीको से मुझे बुलाते हो, जब भी दर्शन देने आती हूँ, मुझे गर्भ में ही मरवाते हो....
न्वरात्र के नौ दिन, जोरो-शोरो से मेरे नाम का जयकारा लगाते हो, नवमी के दिन, मेरे मेरे नौ रूपों को नौ कन्या मानकर, गाँव-गाँव कन्याये खोजते फिरते हो,
मुझे मनाने, प्रसन्न करने के लिए, ना जाने कितने भेट चढ़ाते हो, पर्वत पहाड़ चढ़कर मेरे दरबार आते हो, फिर क्यों? जब भी देर्शन देने आती हूँ, मुझे गर्भ में ही मरवाते हो....
बेटे की चाह में, मेरे द्वार आते हो, और बेटी हो जाने पर, मताम मानते हो, लड़के की चाह में, ना जाने कितने बार तुम मेरा तिरस्कार करते हो, फिर क्यों?
पूजा पाठ करके मुझे बुलाते हो, और जब भी दर्शन देने आती हूँ, तो क्यों? मेरे दरबार आते हो, माँ लक्ष्मी हूँ, पर उससे पहले, मैं भी एक बेटी हूँ।

नोट- मेरे द्वारा लिखी इस कविता में, मनुष्य तुलना या बराबरी, किसी भगवान से करना नहीं अपितु जो लोग ऐसे अपराध करते हैं जो बेटियों तुच्छ समझते है, बच्चों को गर्भ में ही मरवाते है, लड़की हो जाने पर उसे किसी बेकार वस्तु की तर कूड़े में फेक जाते है उन्हें ये बताना है कि, लड़के की चाह लिए तुम जिसके दरबार जाते हो वो भी एक बेटी है, कन्या है, लड़की हैं...
फिर क्यों? स्वयं की बेटी हो जाने पर ऐसे अपराध करते हों? आखिर क्यों?

खुशबू अग्रवाल
बी.एड तृतीय सेमे.

बरगद का पेड़

किसी गावं में बरगद का एक पेड़ बहुत वर्षों से खड़ा था। गांव की महिलाएं त्यौहारों पर उस वृक्ष की पूजा किया करती थी। ऐसे ही समय बीतता गया। और कई वर्षों बाद वृक्ष सूखने लगा। उसकी शाखाएं टूटकर गिरने लगीं और उसकी जड़े भी अब कमजोर हो चुकी थीं। गांव वालों ने विचार किया कि अब इस पेड़ को काट दिया जाये और इसकी लकड़ियों से गृहविहीन लोगो के लिए झोपड़िया का निर्माण किया जाये।
गांववालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खडा एक वृक्ष बोला-दादा आपको इस लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसी स्वार्थी लोग है। जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थें, लेकिन आज आपकों टूटते हुए देख कर काटने चले है।
बूढ़े बरगद ने जवाब दिया- नहीं बेटे मै तो यह सोचकर बहुत प्रसन्न हूँ कि मरने के बाद भी मै आज किसी के काम आ सकूंगा असल बात यह है कि परोपकारी व्यक्ति सदा दूसरों के प्रति करूणा का भाव रखते है। और उनकी खुशी और उनके सुख में अपना सुख समझते है।

विभा आडिल
बी.एड तृतीय सेमे.

जिज्ञासा

कल हो या विज्ञान हो या कोई और हो सृष्टि के रचयिता साक्षात् भगवान एक रहस्य का उद्भेदन ना कर पाए। यही मेरी शोध की जिज्ञासा बढ़ाए की आखिर माँ के पास ही क्यों है। अपने बच्चों की समस्त समस्याओं के उपाय .....

किरण सिन्ही
बी.एड प्रथम सेमे.

कट रहीं है जिंदगी जैसे जी रहे वनवास में।
हम तो स्वास्थ्यकर्मी है, ड्यूटी करना हर हाल में।।
हम तड़पते है ड्यूटी पर, परिवार चिंतित है गांव में।
जिंदगी मानों ठहर सी गयी, बेड़ी जकड़ी पांव में।।
सब विभागों में छुट्टी हो गयी, स्वास्थ्य ने पकड़ी रफ्तार।
ताना मारकर लोग कहे, लुट लेती है अस्पाताल ।।
कमरों में राशन नहीं, फिर भी डूयूटी पर जाते है।
सारी दुकान बंद हो जाती, जब हम वापस आते है।।
माँ बाप याद कर पूछ रहें, बेटो तुम क्या खाते हो।
जब पुरा देश बंद है, तो तुम ड्यूटी क्यों जाते हो।।
यहॉ सब कुछ मिल रहा है, झुठ बोलकर समझाते है।
इस देश के लिए समर्पित जीवन, इसलिए ड्यूटी जाते है।।
हम तो स्वास्थ्यकर्मी है। साहब केवल अपनी ड्यूटी निभाते है।।

केशरी साहू
बी.एड तृतीय सेमे.

माँ-पापा पेड़ की तरह है

माँ बाप का दिल जीत लो कामयाब हो जाओगे।
वरना सारी दुनिया जीतकर भी तुम हार जाओगें।

एक बच्चे को आम का पेड़ बहुत पसंद था। उस पेड़ के पास पहुंच जाता है। पेड़ के ऊपर चढ़ता आम खाता खेलता और थक जाने पर उसी के छाया में सो जाता। बच्चे और आम के पेड़ के बीच एक अनोखा रिस्ता बन गया। जैसे-जैसे उसने पेड़ के पास आना कम कर दिया, कुछ समय बाद आना बंद हो गया।

आम का पेड़ उस बालक को याद करके अकेला रोता। एक दिन आचानक पेड़ ने उस बच्चे की अपनी तरफ आते देखा और पास आने पर कहॉ तू कहॉ चला गया था। मैं रोज तुम्हें याद किया करता था। चलों आज फिर से दोनो खेलते है। बच्चे न आम के पेड़ से कहा अब मेरी खेलने की उम्र नहीं है। मुझे पढ़ना है। लेकिन मेरे पास फीस भरने के लिए पैसा नहीं है। पेड़ ने कहा तू मेरे आम लेकर बाजार में बेंच दे, इससे पैसा मिलेगा उससे अपनी फीस भर देना।

बच्चे न आम के पेड़ से सारे आम तोड़ लिए और उस सब आम को लेकर वहां से चला गया उसके बाद दिखाई नहीं दिया आम का पेड़ हर पल उसका राह देखता रहता एक दिन वो फिर आया और कहने लगा। अब मुझे नौकरी मिल गई है। मेरी शादी हो चुकी है मुझे मेरा अपना घर बनाना है। लेकिन इसके लिए मेरे पास अब पैसे नहीं है। आम के पेड़ ने कहा तू मेरी सभी डालियों की काट कर ले जा और उससे अपना घर बना ले। उस जवान लड़के ने पेड़ की सभी डालिया काट ली और लेकर चला गया।

आम के पेड़ के पास अब कुछ नहीं था वो अब बिल्कुल बंजर हो गया कोई उसे देखता भी नहीं था। पेड़ ने भी उम्मीद छोड़ दी थी। कि अब वों लड़का उसके पास फिर आयेगा। फिर एक दिन अचानक वहां एक बूढ़ा आदमी आया उसने आम के पेड़ से कहॉ शायद आपने मुझे नहीं पहचाना मै वहीं बालक हूँ जो बार-बार आपके पास आता था और आप हमेशा अपने टुकड़े काटकर भी मद्द करते थें। आम के पेड़ ने दुःख के साथ कहा पर बेटा मेरे पास अब ऐसा कुछ भी नहीं बचा है जो मैं तुम्हें दे सकू।

आज कई माँ-बाप उस बंजर पेड़ की तरह अपने बच्चों की राह देख रहे है जाकर उनसे लिफ्टे उनके गले लग जाये, फिर देखना वृद्धावस्था में उनका जीवन फिर से अंकुरित हो उठेगा। किसी कवि ने क्या खूब ही कहा है बड़े बुजुर्गो की उंगलियों में कोठ ताकत तो ना थी।

मगर जब मेरा सर झुका तो सर पर रखें का कांपते हाथों ने जमाने भर की दौलत दे दी।

